हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 16 अप्रैल 2025

11 रसायन विभाग ने कैमबोला प्रतिस्पर्धा का किया आयोजन



12 कौशिक ने किया मोदी का अभिनंदन



SANSKARAM GROUP OF SCHOOLS, JHAJJAR
India's Most Trusted School for Integrated Classroom Programme
IIT-JEE | NEET | NDA | MNS | CLAT
CA-CS | CUET | SSC | VVM | VSSF
NDA QUALIFIERS - 2024 | ADMISSIONS OPEN FOR SESSION : 2025-26 | AC HOSTEL FACILITY
AMAN S/o JITENDER DUBALDHAN, ANSHU S/o SURESH DIGHAL, ANUJ S/o VIKASH JHAJJAR, SACHIN S/o JEET SINGH JHAJJAR, NIKKI D/o SURENDER JONDHI, AMAN S/o MANJEET NAGAWA, BHAVYA S/o AJMER KABLANA, VISHAL S/o KULDEEP KHERI HOSYARPUR, DEEPANSHU S/o DHEERAJ KHERI KHUMMAR, TUSHAR S/o DHARAMBIR SEKHUPUR JAT, SHIVAM S/o JOGINDER SEKHUPUR JAT
VIVEK S/o BASANT SIWANA, SAKSHI D/o NAVEEN BARHANA, LAKSHAY S/o AJAY SILANA, MUSKAN D/o GOVIND KOELPUR, SAMEER S/o DHARAMBIR JHAJJAR, DINESH S/o SANJAY BHAPRODA, JIVESH S/o SONU BHAPRODA, SAHIL S/o SANDEEP SIWANA, SHUBHAM S/o RANBIR KHERI KHUMMAR, SHUBHAM S/o KAILASH DUBALDHAN, KAUSHAL S/o JOGENDER DADANPUR, SITANSHU S/o HARIKISHAN SURAJGARH
JHAJJAR CAMPUS : NH.334B, Main Dadri Road, Khatiwas, Jhajjar, 8222889860, 8222889862 | PATAUDA CAMPUS : NH. 352, Pataude, Near Kulana, Jhajjar , 9053007801, 9053007802

## खबर संक्षेप

### ओपीडी का समय बदला प्रातः आठ बजे से शुरू

**बहादुरगढ़/झज्जर।** नागरिक अस्पताल में ओपीडी का समय बदल गया है। अब सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक ओपीडी सेवाएं जारी रहेगी। बुधवार 16 अप्रैल से यह व्यवस्था लागू हो रही है। इससे पहले सुबह 9 से तीन बजे तक यह व्यवस्था थी। अब बुधवार को आठ बजे से ओपीडी चालू हो जाएगी। ओपीडी कार्ड दोपहर एक बजे तक ही बनेंगे।

### झज्जर में कल होगी इनेलो की बैठक

**बहादुरगढ़।** इनेलो के जिला झज्जर कार्यकर्ताओं की एक अहम बैठक वीरवार 17 अप्रैल को दोपहर 3 बजे झज्जर स्थित पार्टी कार्यालय में होगी। प्रदेश युवा इनेलो के प्रधान महासचिव जितेंद्र नफे सिंह राठी ने बताया कि बैठक को मुख्य रूप से इनेलो पार्टी के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष करण चौटाला व इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव प्रकाश भारती संबोधित करेंगे। बैठक में संगठन की मजबूती को लेकर विचार विमर्श होगा।

### पुलिस ने अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की एंटी नार्कोटिक सैल ने अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है। एएनसी इंचार्ज योमेश कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही जोगेंद्र की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि सोनू निवासी रोहद अपने पास पिस्तौल लिए हुए श्याम मंदिर के पास खड़ा है। इस पर टीम मौके पर पहुंची और शक के आधार पर आरोपी को काबू किया। तलाशी ली गई तो एक अवैध हथियार बरामद हुआ।

### उपभोक्ता शिकायत निवारण कैंप आज

झज्जर। बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम पंचकूला की ओर से बुधवार को विशेष शिकायत निवारण कैंप का आयोजन किया जाएगा। अधीक्षण अभियंता, ऑपरेशन सर्कल, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम झज्जर के कार्यालय परिसर में लगने वाला यह कैंप सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा।

# पर्यावरण पर भारी पड़ रहा सड़क किनारे जलता औद्योगिक वेस्ट

■ लगातार पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे समाज के दुश्मन, अधिकारियों को नहीं दिखता धुआं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

औद्योगिक नगरी में इंडस्ट्रियल वेस्ट को खुले में जलाने पर रोक नहीं लग रही है। इससे लगातार प्रदूषण स्तर भी बढ़ रहा है और लोगों में बीमारी भी बढ़ रही है। औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाला केमिकल युक्त कचरा जलाने से फिजा जहरीली हो रही है। कई बार शिकायतों के बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जागरुक नागरिकों और ग्रामीणों ने कई बार इस बारे में अधिकारियों से शिकायत की है, लेकिन अफसरों को धुआं नजर नहीं आ रहा।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) से लेकर हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचपीसीबी) की तरफ से कचरा जलाने पर सख्त कार्रवाई करने के दावे किए जाते हैं। बावजूद इसके बहादुरगढ़ में बाइपास पर सड़क के किनारे औद्योगिक कचरे में आग लगाई जा रही है। आसपास स्थित इंडस्ट्रियल यूनिटों में निकलने वाले कचरे को बाइपास के दोनों तरफ ग्रीन बेल्ट की जमीन पर डालकर आग लगाई जा रही है। केमिकल युक्त कचरा जलाने से क्षेत्र में प्रदूषण स्तर बढ़ रहा है। कचरा जलाने से निकलने वाले कचरे से जहरीला धुआं निकलकर हवा में फैल जाता है। हरियाली को भी खासा नुकसान हो रहा है। एनजीटी व एचएसपीसीबी की सख्ती चेतावनी के बाद भी कुछ उद्यमी वेस्ट जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। सामान्य कचरे के विपरीत औद्योगिक कचरा ज्वलनशील तथा अधिक खतरनाक हो सकता है। इससे वायु और जल प्रदूषण के माध्यम से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। प्रो. मोनिका जून के अनुसार कचरा जलाने से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन बढ़ता है। जलवायु परिवर्तन बढ़ने के कारण मौसम के पैटर्न और तापमान पर असर पड़ता है। उनके अनुसार इस तरह से कचरा जलाने से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य दोनों को नुकसान पहुंचता है। औद्योगिक कचरे में प्लास्टिक और अन्य जहरीले रसायन होते हैं। इनसे न केवल श्वसन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं, बल्कि कैंसर और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) जैसे दीर्घकालिक नुकसान सकते हैं। खुले में कूड़ा जलाने से इलाके में प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। इस मामले में तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है।

■ जागरुक नागरिकों और ग्रामीणों ने कई बार इस बारे में अधिकारियों से शिकायत की



बहादुरगढ़। बाईपास पर सड़क किनारे जलते औद्योगिक कचरे से उठता धुआं।

### रोकने को छापामारी कर रहे

एचएसपीसीबी के एसडीओ अमित दहिया के अनुसार वेस्ट जलाने वाले उद्योगों पर लगातार कार्रवाई की जाती रही है। कुछ लोग सड़क किनारे रात को वेस्ट जला जाते हैं। इसे रोकने के लिए छापामारी कर रहे हैं। नियमों के खिलाफ चलने वाले उद्योगों पर कार्रवाई करेंगे। ताकि औद्योगिक क्षेत्र बहादुरगढ़ में रहने और काम करने वाले लोग सुरक्षित रहें और स्वच्छ हवा में सांस ले सकें।

### स्क्रैप से लेकर जहरीले रसायन भी शामिल

औद्योगिक कचरा कारखानों में उत्पादन प्रक्रियाओं से बचा हुआ पदार्थ है, जिसमें स्क्रैप से लेकर जहरीले रसायन भी शामिल हैं। इससे आस-पास के निवासियों और व्यवसायों के जीवन की गुणवत्ता भी कम हो जाती है। औद्योगिक कचरे के प्रबंधन और निपटान को लेकर सख्त नियम बनाए गए हैं। लेकिन उनका पालन नहीं हो रहा। अधिवक्ता सतीश छिकारा के अनुसार भारत में पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यापक कानून है। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 सरकार को अपशिष्ट प्रबंधन को विनियमित करने का अधिकार देता है। साथ ही पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाता है। औद्योगिक कचरे को खुले में जलाना इसकी धारा 7 की श्रेणी में आता है। ऐसी खतरनाक प्रथा पर अंकुश लगाने के लिए अधिकारियों को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए।

# दिन में रेकी और रात को खेतों से मोटरें चोरी करता था गिरोह

■ मास्टर माइंड प्रमोद ने अपनी पत्नी, भाइयों व दोस्तों को किया गिरोह में शामिल

■ 9 गांवों में की 45 वारदात, यूपी मूल का है गिरोह



बहादुरगढ़। पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए आरोपी।

**बहादुरगढ़।** गांव-गांव फेरी लगाकर सामान बेचने वाला यूपी मूल का एक शख्स इलाके के 9 गांवों के किसानों तथा पुलिस के लिए सिरदर्द बन गया। फेरी लगाते लगाते उसने खेतों से मोटरें चोरी करनी शुरू की और फिर अपनी पत्नी, भाइयों व दोस्तों को गिरोह में शामिल कर लिया। मास्टर माइंड सहित गिरोह के सातों सदस्य पुलिस ने पकड़ लिए हैं। इनसे झज्जर जिले में हुई 45 वारदातों का खुलासा हुआ। साथ ही हजारों की नकदी, गाड़ी, घरेलू सामान, मोबाइल व मोटरों के पार्ट्स बरामद हुए हैं।

मंगलवार को पुलिस उपायुक्त मयंक मिश्रा ने पत्रकारवार्ता कर पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि गत चार अप्रैल को पुलिस को छुड़ानी गांव से 14 मोटरें चोरी होने की सूचना मिली। जिसके बाद केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। बादली थाना प्रभारी राकेश कुमार व उनकी टीम ने मास्टर माइंड सहित उसके साथियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान सोनू, पुष्पेंद्र, हरिओम, प्रमोद व विनय निवासी राणामऊ उत्तर प्रदेश हाल दिल्ली तथा संतोष निवासी टिकरी कलां के तौर पर हुई। इनमें संतोष, प्रमोद और विनय को तीन दिन के रिमांड पर लिया गया। बाकी जेल भेज दिए गए।

### जांच में खुलासा

जांच में सामने आया कि प्रमोद इन वारदातों का मास्टर माइंड है। करीब दो साल पहले वह बाइक पर फेरी लगाता था। गांव-गांव जाकर दिन के समय खेतों में मोटर देखता यानी रेकी करता, फिर रात के समय चोरी करता। इसके बाद उसने अपने भाई सोनू व विनय को भी साथ मिला लिया। इतना करने पर भी मन नहीं भरा तो प्रमोद ने अपने गिरोह में अपनी पत्नी तथा गांव के ही दो युवकों को भी शामिल कर लिया। फिर इन्होंने गाड़ी खरीदी और वारदात को अंजाम देने लगे। आरोपी प्रमोद की पत्नी उनके साथ रहती थी ताकि किसी को शक ना हो। महिला को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। चोरी की गई मोटर को गाड़ी में रखकर आरोपी अपने घर ले जाते और अगले दिन ग्राइंडर से काटकर अलग-अलग टुकड़े करते थे, फिर आरोपी इनको बेच देते थे। इन सभी को झाड़ोदा से काबू किया गया। इन्होंने आसौदा, सदर थाना बहादुरगढ़ व बादली थाना क्षेत्र के 9 गांवों में वारदात की। आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किए जाने वाली पिकअप गाड़ी, बाइक, औजार-उपकरण, मोटर बेचकर खरीदा गया घरेलू सामान, मोबाइल, मोटर के पार्ट्स, पंखा, चाबी-पाना व 47 हजार कैश बरामद किया गया है।

# डीसी ने खरीद प्रक्रिया की समीक्षा बैठक लेते हुए धीमी खरीद पर अधिकारियों को लगाई फटकार

**झज्जर।** डीसी प्रदीप दहिया ने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों के साथ मंगलवार को रबी फसलों की खरीद व लिफ्टिंग प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से जुड़े बेरी, बहादुरगढ़ व बादली एसडीएम से खरीद प्रक्रिया को लेकर फीडबैक लिया और खरीद एजेंसियों से जुड़े अधिकारियों को गेहूं व सरसों खरीद के साथ ही लिफ्टिंग प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगर सरकार के निर्धारित मानकों के अनुसार खरीद प्रक्रिया तेजी नहीं की तो खरीद कार्य से जुड़े अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि गेहूं की आवक आने वाले दिनों में एकाएक तेज होगी इसे लेकर खरीद एजेंसियां अपनी पुख्ता तैयारी करें ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े।

### खरीद एवं उठान कार्य जारी : डीएफएससी

डीएफएससी अशोक शर्मा ने खरीद व लिफ्टिंग के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कुल 30043 मीट्रिक टन सरसों की आवक दर्ज हुई है, जिसमें से 27334 मीट्रिक टन सरसों की खरीद पूरी हो चुकी है। 20565 मीट्रिक टन सरसों का उठान किया जा चुका है। इसी तरह, गेंहू की अब तक 110546 मीट्रिक टन आवक दर्ज की गई है, जिसमें से 60246 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद संपन्न हो चुकी है। 18525 मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया जा चुका है व गेहूं की लिफ्टिंग का कार्य तेजी से जारी है।



झज्जर। रबी फसलों की खरीद व लिफ्टिंग प्रक्रिया की समीक्षा करते डीसी प्रदीप दहिया।

### बहादुरगढ़ः मंडी में कई दिन बाद आई सरसों, गेहूं की खरीद जारी

**बहादुरगढ़।** स्थानीय अनाज मंडी में कई दिन के बाद सरसों की फसल आई। मंगलवार को यहां की मंडी में 26 गेट पास कटे और 510 क्विंटल फसल आई और 204 क्विंटल सरकारी खरीद हुई। अब तक यहां 9378 क्विंटल सरसों आ चुकी है। जिसमें से 7887 क्विंटल खरीद हो चुकी है। जबकि 97 प्रतिशत उठान हुआ है। वहीं बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में गेहूं के मात्र चार गेट पास कटे और 338 क्विंटल फसल आई। जबकि 501 क्विंटल खरीद हुई।

अब तक यहां 5554 क्विंटल गेहूं आ चुका है, जिसमें से 4979 क्विंटल खरीद हो चुकी है और 76 प्रतिशत उठान हुआ है। वहीं आसौदा की मंडी में 66 गेट पास कटने के साथ 4958 क्विंटल गेहूं आया और 5122 क्विंटल सरकारी खरीद हुई। अब तक इस मंडी में 46 हजार क्विंटल से अधिक सरकारी खरीद हो चुकी है। उठान धीमा है। फिलहाल 38 प्रतिशत उठान ही हो सका है।

# दो कारों की टक्कर में शादी समारोह से लौट रहे फार्मासिस्ट की गई जान

मृतक की पहचान महेंद्रगढ़ जिले के छिथरौली गांव के संदीप रुप में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

गांव खोरड़ा के नजदीक हुई दो कारों की टक्कर में शादी समारोह से लौट रहे फार्मासिस्ट की मौत हो गई। मृतक की पहचान महेंद्रगढ़ जिले के छिथरौली गांव निवासी युवक संदीप पुत्र फूलकुमार के तौर पर हुई है। संदीप चरखी दादरी के संतोखपुरा गांव में आयोजित विवाह समारोह वापस लौट रहा था जब वह खोरड़ा गांव के नजदीक पहुंचा तो उसे एक कार ने टक्कर मार दी।

अलसुबह करीब तीन बजे हुए हादसे की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि संदीप माता-पिता का इकलौता पुत्र था। वह शादीशुदा था और एक लड़का और लड़की का पिता था। संदीप के पिता खेती बाड़ी का काम करते हैं जबकि वह दिल्ली में मेडिकल स्टोर चलाता था। मामले के जांच अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि संदीप वैगनार में सवार था जिसे सामने से आ रहे कार चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई।

मृतक के पिता फूलकुमार की शिकायत पर कार चालक पर मामला दर्ज किया गया है।



झज्जर। अस्पताल परिसर में कागजी कार्रवाई करते पुलिसकर्मी।

### हादसे में गंभीर चोटें आईं थी

पुलिस को दी शिकायत में मृतक के पिता फूल कुमार ने बताया कि वह तथा उसका पुत्र संदीप संतोखपुरा गांव के एक विवाह समारोह में गए थे। जब वे अलसुबह करीब तीन बजे संतोखपुरा से अपने गांव छिथरौली लौट रहे थे तो खोरड़ा गांव के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार गाड़ी ने अचानक से साइड दबा दी। साइड लगने के कारण उसके पुत्र संदीप की गाड़ी असंतुलित होकर पेड़ से जा टकराई। एक्सीडेंट में आई गंभीर चोटों के कारण संदीप की मौके पर मौत हो गई।

## मास्टर चांद सिंह अहलावत ने चार स्वर्ण पदक जीत कर रचा इतिहास




झज्जर। जीते हुए चार मेडल दिखाते खिलाड़ी चांद सिंह अहलावत।

**झज्जर।** दिल्ली के खेल गांव स्टेडियम में आयोजित चौथी खेलो इंडिया मास्टर्स एथलेटिक्स राष्ट्रीय चैपियनशिप में अन्तर्राष्ट्रीय बुजुर्ग खिलाड़ी मास्टर चांदसिंह अहलावत ने शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जैवलीन थ्रो और हैमरथ्रो में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा है। मूल रूप से जिले के गांव डीघल निवासी करीब 84 वर्षीय मास्टर चांद सिंह अहलावत ने बताया कि 11 से 14 अप्रैल तक चली इस प्रतियोगिता में 18 राज्यों के करीब दो हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि अपने 65 वर्ष के खेल जीवन में उन्होंने जहां स्वयं अनेक रिकार्ड स्थापित किए हैं वहीं करीब चार हजार राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी तैयार किए हैं। अब तक वे 783 पदक जीत कर जिले व प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं। इस वर्ष थाईलैंड में होने वाली एशियन मास्टर्स प्रतियोगिता के लिए राष्ट्रीय फैडरेशन ने भारतीय टीम में उन्हें चयनित किया है। उनका अगला लक्ष्य वर्ल्ड कप जीतना है। उन्होंने कहा कि खेलों में कोई उम्र की सीमा नहीं होती, केवल जनून और हौंसला चाहिए।

**उपलब्धि** | यातायात पुलिस झज्जर के इंचार्ज को मिली जिम्मेदारी

# अंतराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी नरेश कुमार संधू को 5वीं बार मिली हरियाणा बास्केटबॉल टीम की कमान

■ नरेश कुमार संधू पिछले 4 साल से टीम को राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल दिलाते रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

यातायात पुलिस झज्जर के इंचार्ज नरेश कुमार संधू मास्टर गेम बास्केटबॉल हरियाणा की पचास से अधिक आयु वर्ग की टीम का कैप्टन बनाया गया है। वे आगामी 20 अप्रैल से 24 अप्रैल तक हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में होने वाली 7वीं मास्टर्स गेम बास्केटबॉल टूर्नामेंट में टीम का नेतृत्व करेंगे।

अंतराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी नरेश कुमार संधू ने बताया कि उन्हें 5वीं बार हरियाणा बास्केटबॉल टीम की कमान सौंपी गई है। हरियाणा मास्टर्स गेम के सचिव सुशील कुमार ने बताया कि नरेश कुमार संधू पिछले 4 साल से हरियाणा बास्केटबॉल टीम को राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल दिलाते रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2023 में दक्षिण कोरिया के ज्योंबक में भारतीय टीम के खिलाड़ी होते हुए टीम को सिल्वर मेडल जितवाकर देश और हरियाणा पुलिस का नाम रोशन किया। उम्मीद जताई जा रही है कि अबकी बार भी वे टीम हरियाणा बास्केटबॉल टीम को मेडल दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



झज्जर। टीम कैप्टन नरेश कुमार संधु को खेल किट सौंपते हुए गौरव शर्मा।

### खेल किट देकर किया सम्मानित

सिलानी गेट स्थित केडी पेंट्स के संचालक कुलदीप शर्मा ने हरियाणा मास्टर्स गेम बास्केटबॉल टीम को खेल किट देकर सम्मानित किया। उन्होंने टीम कैप्टन नरेश कुमार संधु को किट सौंपते हुए टीम के खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# चेस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को किया सम्मानित



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में भाग लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नाहरा-नाहरी रोड स्थित श्री स्वामी समर्थ इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों जिला स्तरीय चेस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। हार्दिक ने कांस्य पदक जीता तथा तीन विद्यार्थियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। सोमवार को प्रार्थना सभा के दौरान ये खिलाड़ी सम्मानित किए गए। वहीं, स्कूल में बैसाखी के उपलक्ष्य में भी कार्यक्रम हुआ। विद्यार्थियों ने जलियांवाला बाग हत्याकांड का मंचन किया। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्मोत्सव भी मनाया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूल संचालक अभिषेक छिल्लर ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रिंसिपल किशोर कुमार शर्मा ने जलियांवाला बाग हत्याकांड की जानकारी दी। स्कूल संचालक अभिषेक छिल्लर ने विद्यार्थियों को बताया कि मातृभूमि की आजादी के संघर्ष में अनेक वीरों, क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। हमें उन वीरों के बलिदान को याद रखना चाहिए।



# 18 को रिलीज होगी 'केसरी : चैप्टर 2'

**मुंबई।** 'केसरीः चैप्टर 2' 18 अप्रैल 2025 को रिलीज हो रही है। फिल्म में अक्षय कुमार और आर माधवन के अलावा अनन्या पांडे भी हैं। ये फिल्म वकील शंकरन नायर के परपोते रघु पलात और उनकी पत्नी पुष्पा की लिखी किताब द केस दैट शुक द एम्पायर पर आधारित है। फिल्म जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की कहानी पर आधारित है। दिल्ली में स्पेशल स्क्रीनिंग में नेताओं ने फिल्म की तारीफ की। साल 2019 में खिलाड़ी अक्षय कुमार ने केसरी फिल्म से धुआं उड़ा दिया था। अब 5 साल के बाद वह फिर से इसका सीक्वल लेकर लौट रहे हैं।

लाइफ Style



# प्रियंका हॉलीवुड कॉमेडी फिल्म का बनीं हिस्सा

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का नाम एक और हॉलीवुड फिल्म से जुड़ गया है। वह निकोलस स्टोलर की आगामी कॉमेडी प्रोजेक्ट में 'बेवॉच'के को-स्टार जैक एफ्रॉन के साथ फिर से जुड़ रही हैं। आगामी फिल्म में माइकल पेना और विल फेरेल भी हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, फिल्म में रेजिना हॉल, जिमी टैट्रो और बिली आइचनर भी हैं। निकोलस अपनी खुद की स्क्रिप्ट से फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के साथ, वह अपनी हालिया फीचर फिल्म 'यू आर कॉर्डियली इनवाइटेड' में सहयोग करने वाले स्टूडियो के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। आगामी कॉमेडी फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और माइकल की भूमिकाओं को लेकर कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है। फिल्म से जुड़े विवरण अभी भी गुप्त रखे गए हैं। वहीं, प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कास्टिंग अनाउंसमेंट की एक झलक शेयर करके इस प्रोजेक्ट में अपनी भागीदारी की पुष्टि भी की, जिसने फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया है। प्रियंका चोपड़ा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह निर्देशक एसएस राजामौली के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने हाल ही में ओडिशा के कोरापुट में शूटिंग शेड्यूल पूरा किया है। इस फिल्म में महेश बाबू भी हैं। राजामौली के पिता, लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने 'एसएसएमबी 29' की कहानी लिखी है और कहा जाता है कि यह इंडियाना जोन्स की तरह ही एक एक्शन-एडवेंचर है। इसके अलावा प्रियंका के पास इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ 'हेड्स ऑफ स्टेट' है। वह 'द ब्लफ' में में भी नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# टीवी सीरीज के कलाकारों की घोषणा

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर की जादुई दुनिया को लेकर प्रशंसकों में हमेशा से ही उत्साह रहा है। हैरी पॉटर की टीवी सीरीज में कौन से कलाकार किसका रोल निभाएंगे, इस बात का खुलासा कर दिया गया है। हैरी पॉटर की सीरीज में अल्बस डंबलडोर के रोल में जॉन लिथगो नजर आएंगे। वहीं, मिनर्वा मैकगोनागल के रोल में जेनेट मैकटीर और सेलेरस स्नेप के रोल में पापा एस्सीडू नजर आएंगे। वहीं, रुबस हैग्रिड का खास रोल निक फ्रॉस्ट निभाएंगे। इन सभी के अलावा ल्यूक थैलोन क्विरिनस क्विरेल के किरदार में नजर आएंगे।




# कैटी ने अंतरिक्ष में गाया खूबसूरत गाना

**लॉस एंजिल्स।** कैटी पेरी अपनी 5 सदस्यीय महिला दल के साथ अंतरिक्ष की यात्रा कर लौट आई हैं। कुल 11 मिनट की यात्रा के दौरान वह चार मिनट अंतरिक्ष में रहीं। इस दौरान उन्होंने वहां एक खूबसूरत गाना भी गाया। धरती पर लौटते ही कैटी ने जमीन को चूमा, कहा कि यह मां बनने के बाद उनकी जिंदगी का दूसरा सबसे इमोशनल पल है। कैटी ने खुलासा किया कि उन्होंने उड़ान के दौरान 'व्हाट ए वंडरफुल वर्ल्ड' गाना भी गाया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि इस अनुभव ने मुझे यह दिखाया है कि आप अपने अंदर भरे प्यार को कभी नहीं जान सकते, जैसे कि आपको कितना प्यार देना है और आपसे कितना प्यार किया जाता है।' कैटी पेरी ने उड़ान भरने के दौरान अपने साथ एक डेजी का फूल भी रखा था। यह उनकी बेटी डेजी के लिए था।



# रेखा-साधना को देखकर सीखा डांस...


**मुंबई।** रवीना टंडन 90 के दशक में एक्टिंग के अलावा फिल्मों में अपने डांस को लेकर भी चर्चा में रहती थीं, अब बेटी राशा थडानी से उनकी राह पर चल रही हैं। अपनी डेब्यू फिल्म में राशा थडानी ने एक डांस नंबर 'ऊई अम्मा' भी किया था, इस गाने में उनके डांस को काफी पसंद किया गया। हाल ही में राशा ने बताया कि कैसे वह पहली ही फिल्म में इतना अच्छा डांस कर पाईं। साथ ही इस काम में मां रवीना टंडन ने कैसे उनकी मदद की? राशा थडानी ने हाल ही में बीबीसी एशियन नेटवर्क से की गई बातचीत में बताया कि मां रवीना टंडन ने डांस सीखने में काफी मदद की। राशा कहती हैं, 'मां ने मुझे रेखा, साधना जैसी एक्ट्रेस की पुरानी डांस वीडियो देखने को कहा। साथ ही सरोज खान जी की डांस ट्रेनिंग को भी देखने की सलाह दी।



# देसी अंदाज देखने पहुंच रहे दर्शक

**मुंबई।** सनी का देसी अंदाज और फिल्म की जोरदार कहानी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच रही है। 'जाट' ने वीकेंड के बाद भी अपनी पकड़ बनाए रखी। अगर, यह रफ्तार बनी रही तो यह फिल्म जल्द ही अपनी लागत पार कर सकती है। सनी देओल की 'जाट' दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है। हालांकि, सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई। पांचवें दिन फिल्म ने सात करोड़ 50 लाख रुपए की शानदार कमाई की, जिसके साथ इसका कुल कलेक्शन अब 47.75 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' ने सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया। पांचवें दिन फिल्म ने 15 करोड़ रुपए जुटाए, जिसके बाद इसका कुल कलेक्शन 101.3 करोड़ रुपए हो गया है। एक्शन के साथ फिल्म की कहानी लोगों को पसंद आ रही है।

## टीवी मसाला



# छोटे पर्दे पर भी तमन्ना ने खूब कमाया नाम

**मुंबई।** तमन्ना भाटिया इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर चर्चा में हैं। तमन्ना फिल्म में शिव भक्त बनी हैं और लोगों की मदद करती हैं। तमन्ना भाटिया ने साउथ की फिल्मों में काम करने के अलावा हिंदी फिल्मों जैसे 'बबली बाउंसर', 'एंटरटेनमेंट', 'हिम्मतवाला' और 'वेदा' में काम किया है। तमन्ना ने फिल्मों के अलावा कई टीवी सीरीज में काम किया है।

***जी करदा :*** जी करदा भारतीय हिंदी ड्रामा है। इसे अरुणिमा शर्मा ने निर्देशित किया था। यह 2023 में प्राइम वीडियो के लिए बनाया गया था। तमन्ना भाटिया ने इसमें अहम रोल निभाया था। इसके लिए उन्हें 2023 में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था।

***आखिरी सच :*** आखिरी सच हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली टीवी सीरीज है। इसका निर्देशन रब्बी ग्रेवाल ने किया था। सीरीज के लीड रोल में तमन्ना भाटिया थीं। वह इस सीरीज में पुलिस अफसर बनी थीं। यह सीरीज बुराड़ी मर्डर पर बनी थी। इसे डिज्नी हॉटस्टार पर जारी किया गया था। इसमें अदाकारी करने के लिए भी तमन्ना भाटिया को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला।

***नवंबर स्टोरी :*** नवंबर स्टोरी तमिल भाषा की टीवी सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर का निर्देशन इंदिरा सुब्रमण्यन ने किया है। इसके लीड रोल में तमन्ना भाटिया हैं। यह सीरीज डिज्नी हॉटस्टार पर 20 मई 2021 को रिलीज हुई थी। इसे स्ट्रीमिंग ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया।

***मास्टर शेफ इंडिया- तेलुगू सीजन 1 :*** मास्टर शेफ इंडिया तेलुगु भाषा का टीवी शो है। इसके पहले 6 एपिसोड को तमन्ना भाटिया ने होस्ट किया। यह 27 अगस्त 2021 से 27 नवंबर 2021 तक जेमिनी टीवी पर प्रसारित किया गया।

***11 हॉवर :*** '11 हावर' तेलुगू भाषा की क्राइम थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर सीरीज का निर्देशन प्रवीण सत्तारू ने किया। इसमें तमन्ना भाटिया लीड रोल में थीं।

***सपने सुहाने लड़कपन के :*** 'सपने सुहाने लड़कपन के' एक टेलीविजन शो है। यह मई 2012 से जनवरी 2015 तक जी टीवी पर प्रसारित हुआ। इस शो के होली वाले एपिसोड में तमन्ना भाटिया नजर आईं थीं।

# एसीपी आयुष्मान ने आते ही प्रद्युमन की मौत पर कसा तंज

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर सीरियल सीआईडी 2 में लंबे समय से शो का हिस्सा रहे एसीपी प्रद्युमन का किरदार खत्म हो गया है। शो में एसीपी प्रद्युमन के किरदार में दिख रहे शिवाजी साटम का रोल खत्म होने के बाद अब पार्थ समथान ने एसीपी आयुष्मान बनकर शो में एंट्री की है। लेकिन, आयुष्मान की एंट्री के बाद से ही उनकी सीआईडी की पुरानी टीम के साथ टशन दिख रहा है। एसीपी प्रद्युमन के बेहद खास रहे अभिजीत और दया उनकी मौत के सदमे से उबर नहीं पा रहे हैं, लेकिन एसीपी आयुष्मान उन्हें अपने इमोशन पर काबू रख काम पर ध्यान देने की नसीहत देता है, जिसका बाद उसकी टीम से अनबन हो जाती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते नजर आते हैं।



सीआईडी 2 के प्रोमो में एसीपी आयुष्मान के रोल में दिख रहे एक्टर पार्थ समथान अभिजीत और दया से कहते हैं, कब तक एसीपी प्रद्युमन की मौत पर आंसू बहाओगे। अपने दर्द, इमोशन और आंसू की पोटली बनाकर इसे ऑफिस के बाहर लटका कर आया करो। सीन में देखा गया कि अभिजीत और दया गुस्से से आयुष्मान को घूरते नजर आते है। इसके साथ शो के दौरान भी दया और अभिजीत की आयुष्मान के साथ बहस होती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। वो कहते हैं, 'मुझे केवल परिणाम प्रभावित करते हैं। दया तुरंत उन्हें आश्वस्त करते हैं।

# इन मुस्लिम अभिनेत्रियों ने हिंदू नाम रखकर कमाई खूब शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी अभिनेत्रियां हुईं, जिन्होंने अपनी अदाकारी और खूबसूरती से लोगों को दीवाना बना दिया। उनके अभिनय की लोग आज भी सराहना करते हैं। हम बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों को बारे में जानेंगे, जिनके नाम को सुनकर लगता है कि वो हिंदू है, लेकिन हकीकत में वह मुस्लिम हैं। इन सभी ने अपना नाम बदलकर इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई और खूब नाम कमाया।



**तब्बू :** अभिनेत्री तब्बू ने बॉलीवुड ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनकी खूबसूरती और एक्टिंग के लाखों दीवाने हैं। उन्होंने कई हिट और सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। अभिनेत्री का असली नाम तबस्सुम फातिमा है।




**रीना रॉय :** 80 के दशक की अभिनेत्री रीना रॉय ने अपनी अदाकारी से बहुतों को प्रभावित किया है। उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। अभिनेत्री ने का असली नाम सायरा अली है।



**मीना कुमारी :** हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री मीना कुमारी का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। 'ट्रेजडी क्वीन'के नाम से मशहूर अभिनेत्री को भारत की सबसे लोकप्रिय और प्रतिष्ठित अभिनेत्रियों में से एक माना जाता हैं। उनकी अदाकारी और खूबसूरती का आज भी लोग तारीफ करते हैं। अभिनेत्री का असली नाम मीना कुमारी नहीं, बल्कि 'महजबीं बानो' था। अपने 33 साल के कॅरियर में उन्होंने 90 से ज्यादा फिल्में की हैं।



**मधुबाला :** मधुबाला के अभिनय कौशल और सुंदरता की प्रशंसा करते हुए आज भी लोग नहीं थकते। उन्होंने भारतीय सिनेमा में अतुलनीय योगदान दिया है। वह अपने दौर की सबसे लोकप्रिय और सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। मधुबाला का असली नाम मुमताज जहां बेगम देहलवी था। हालांकि, लंबे समय तक उनके प्रशंसक उन्हें नाम की वजह से हिंदू ही समझते रहे हैं।



**मान्यता दत्त :** संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त का नाम भी इस सूची में शामिल है। संजय दत्त से शादी करने से पहले वह फिल्मों में काम कर चुकी हैं। मान्यता का असली नाम दिलनवाज शेख है।

## हसरत जयपुरी की कलम से निकले सदाबहार गाने आज भी हैं प्रासंगिक

# 11 रुपए की सैलरी पर बस कंडक्टर के रूप में शुरू किया काम

**इकबाल हुसैन था असली नाम :** हसरत जयपुरी का जन्म 15 अप्रैल 1922 को राजस्थान के जयपुर में हुआ था। उनका असली नाम इकबाल हुसैन था, लेकिन शायरी की दुनिया में उन्होंने 'हसरत जयपुरी' के नाम को अपनी पहचान बनाया। उनके पिता, नाजिम हुसैन सेना में कार्यरत थे, जबकि उनकी मां फिरदौसी बेगम एक गृहिणी थीं, जिन्हें शायरी से गहरा लगाव था। मां की यह रुचि हसरत को विरासत में मिली। आगे चलकर इसी चीज ने उनके जीवन को एक नई दिशा दी।

*नई दिल्ली। हसरत जयपुरी हिंदी सिनेमा के उन गीतकारों में से एक हैं, जिनकी लेखनी ने न केवल गीतों को अमर किया, बल्कि लाखों दिलों को भी छुआ। उनकी शायरी और गीतों में प्यार, दर्द, और जिंदगी के रंग इतनी खूबसूरती से उभरकर सामने आए कि वे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उस समय हुआ करते थे।*



**20 साल की उम्र में लिखनी शुरू कीं कविताएं :** हसरत ने प्रारंभिक शिक्षा जयपुर में ही प्राप्त की। उन्हें असली तालीम उनके नाना फिदा हुसैन 'फिदा' से मिली, जो एक मशहूर शायर थे। नाना से हसरत ने उर्दू और फारसी की बारीकियां सीखीं, जिसने उनकी शायरी को गहराई दी। बीस साल की उम्र तक हसरत ने कविताएं लिखना शुरू कर दिया था। उनकी रचनाओं में प्रेम और जिंदगी के प्रति एक अनूठा दृष्टिकोण झलकता था।

**शायरी में प्रेम की मासूमियत झलकती थी :** हसरत जयपुरी का कॅरियर एक साधारण बस कंडक्टर के रूप में शुरू हुआ। 1940 में रोजगार की तलाश में वह जयपुर से मुंबई आ गए। यहां उन्हें बेस्ट बस में कंडक्टर की नौकरी मिली, जिसके लिए उन्हें मात्र 11 रुपए मासिक वेतन मिलता था। दिनभर बस में काम करने के बाद रात में वह मुशायरों में अपनी शायरी सुनाया करते थे। उनकी शायरी में जिंदगी का दर्द और प्रेम की मासूमियत इतनी खूबसूरती से झलकती थी कि लोग मंत्रमुग्ध हो जाते थे।

**इन फिल्मों के लिए लिखे सुपरहिट गाने :** बरसात की सफलता के बाद हसरत जयपुरी, राज कपूर, और शंकर-जयकिशन की तिकड़ी ने हिंदी सिनेमा को कई कालजयी गीत दिए। हसरत ने राज कपूर की फिल्मों जैसे आवारा, श्री 420, जिस देश में गंगा बहती है, संगम, और मेरा नाम जोकर के लिए यादगार गीत लिखे। 1966 और 1972 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ गीतकार के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला। उनकी खासियत थी कि वह साधारण शब्दों में गहरी बातें कह जाते थे। उनकी लेखनी में प्रेम, देशभक्ति, और सामाजिक मुद्दों का सुंदर समावेश होता था।

**राज कपूर के साथ खूब जमी जोड़ी :** एक मुशायरे में उनकी मुलाकात अभिनेता पृथ्वीराज कपूर से हुई, जो उनकी शायरी से बेहद प्रभावित हुए। पृथ्वीराज ने अपने बेटे राज कपूर, को हसरत से मिलने की सलाह दी। उस समय राज कपूर अपनी फिल्म बरसात (1949) की तैयारी कर रहे थे। हसरत ने इस फिल्म के लिए अपना पहला गीत 'जिया बेकरार है, छाई बहार है' लिखा, जिसे शंकर-जयकिशन ने संगीतबद्ध किया। यह गीत सुपरहिट हुआ, और इसके साथ ही हसरत जयपुरी का नाम हिंदी सिनेमा में गूंजने लगा।

## प्रेमिका के लिए लिखी लाइन हुई खूब मशहूर

हसरत जयपुरी का निजी जीवन भी उनकी शायरी की तरह रंगों से भरा और भावनात्मक था। बीस साल की उम्र में उन्हें अपने पड़ोस की एक हिंदू लड़की, राधा से प्रेम हो गया था। इस प्रेम ने उनकी लेखनी को और निखारा। हसरत ने एक साक्षात्कार में कहा था, 'प्रेम का कोई धर्म नहीं होता।' उन्होंने राधा के लिए एक कविता लिखी थी, 'ये मेरा प्रेम पत्र पढ़ कर, के तुम नाराज़ न होना,' जो बाद में फिल्म संगम (1964) का हिस्सा बनी और देशभर में मशहूर हुई। हसरत जयपुरी की निजी जिंदगी की बात करें तो शादी के बाद उनकी पत्नी ने एक बेटे का जन्म दिया। बेटे के जन्म पर उन्होंने जो पंक्तियां लिखीं वो थीं, 'तेरी प्यारी-प्यारी सूरत को किसी की नजर न लगे,' यह लाइनें भी फिल्म ससुराल (1961) का हिस्सा बनीं।

## खबर संक्षेप

### वाहन की टक्कर से बाइक चालक गंभीर

**रेवाड़ी।** पटौदी रोड पर नहर के पास रात के समय किसी वाहन की चपेट में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। झज्जर के कुलाना निवासी पवन और प्रशांत दोनों भाई किसी काम से रेवाड़ी आए थे। जब वह बाइक से अपने गांव जा रहे थे, तो पटौदी रोड पर एक वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में प्रशांत गंभीर रूप से घायल हो गया। पवन ने अपने भाई को किसी तरह ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां से उसे पीजीआई रोहतक के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन उसे एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद वाहन का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### जंगल बब्लर में खड़ी बाइक उड़ाई

**धारूहेड़ा।** पर्यटन कांम्पलेक्स जंगल बब्लर में खड़ी बाइक करीब आधे घंटे में चोरी हो गई। इससे कांप्लेक्स में सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस शिकायत में झज्जर के खखाणा निवासी श्यामलाल ने बताया कि वह घर से बाइक पर एक शादी समारोह में भाग लेने के लिए जंगल बब्बलर आया था।

### ट्रक में चरखी दादरी से क्रेसर भरकर दिल्ली जा रहा था

# बीकानेर चौक पर खराब हुआ डस्ट से भरा ट्रक, वाहन चालकों को परेशानी



झज्जर। बीकानेर चौक पर खराब हुए ट्रक को ठीक करने में जुटे मिस्त्री।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर**

मंगलवार की सुबह शहर के बीकानेर चौक पर एक डस्ट से भरा ओवरलोड ट्रक खराब होने के कारण राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दरअसल जब सोमवार की देर रात गाड़ी चालक अपने ट्रक में चरखी दादरी से क्रेसर भरकर दिल्ली जा रहा था तो उसने देर रात का समय होने के कारण शहर के अंदर का रुख लिया। जब वह बीकानेर चौक से मुड़ने लगा तो उसके पिछले टायरों का लट्ठा टूट गया जिस कारण ट्रक एक तरफ झुक गया। ऐसे में रात का समय होने के कारण ट्रक चालक ने अपने संबंधित गाड़ी मालिक को सूचना देते हुए मदद मांगी।

गाड़ी के चालक जींद जिले के बूढ़ा खेड़ा निवासी भूप सिंह ने बताया कि वह सोमवार की रात करीब दस बजे चरखी दादरी से डस्ट भरकर दिल्ली के लिए चला था। रात का समय होने और रास्ता खाली होने के कारण उसने गाड़ी को शहर के अंदर से ले जाने की सोची।

जब वह भट्टी गेट स्थित बीकानेर चौक से अंबेडकर चौक की तरफ मुड़ने लगा तो उसके ट्रक के पिछले टायरों वाला लट्ठा अचानक टूट गया और ट्रक सड़क के बीचों-बीच खराब हो गया। इसके बाद मंगलवार सुबह मिस्त्री की टीम पहुंची और उन्होंने बड़ी मशक्कत के बाद करीब ढाई बजे ट्रक को ठीक किया। जिसके बाद रास्ता सुचारू हो पाया।

#### वाहन चालकों को हुई आंशिक परेशानी

बीकानेर चौक पर सड़क के बीचों-बीच खराब हुए ट्रक के कारण वाहन चालकों को आंशिक परेशानी का सामना करना पड़ा। गनीमत यह रहा कि ट्रक के साथ सड़क पर इतनी जगह जरूरी शेष थी जहां से छोटी गाड़ियां व रिक्शा आदि आसानी से गुजर सकती थीं। इसके अलावा यादव धर्मशाला की ओर से आने वाले बड़े वाहनों के लिए रूट डायवर्ट की सुविधा थी। ऐसे में अंबेडकर चौक की ओर से आने वाली बसों को हल्की परेशानी आई। रास्ता संकीर्ण होने के कारण उन्हें बसें वापिस ले जानी पड़ी। जिस कारण कुछ समय के लिए बीकानेर चौक से अंबेडकर चौक पर जाम की स्थिति भी बनी।

#### पुलिस कर्मचारी की तैनाती ने रास्ता रखा सुचारू

ट्रक खराब होने की सूचना पर पुलिस विभाग द्वारा एक पुलिस कर्मचारी की ड्यूटी चौक पर लगाई गई। मौके पर तैनात पुलिस कर्मचारी ने अपनी ड्यूटी को बखूबी निभाते हुए रास्ता सुचारू बनाए रखा।

## रसायन विभाग ने कैमबोला प्रतिस्पर्धा का किया आयोजन



बहादुरगढ़। विजेता छात्र-छात्राओं के साथ कॉलेज का स्टॉफ। फोटो :हरिभूमि

- प्रतिस्पर्धा का संचालन रसायन शास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. राजीव आसीवाल ने किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़**

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में प्राचार्या सुमन हुड्डा के मार्गदर्शन में रसायन शास्त्र विभाग द्वारा कैमबोला प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रतिस्पर्धा का संचालन रसायन शास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. राजीव आसीवाल ने किया। प्रतिस्पर्धा में विद्यार्थियों के आवर्त सारणी के ज्ञान का परीक्षण किया गया। मंच का संचालन क्रिएटिव केमिस्ट्री क्लब की सदस्य रिया ने किया। प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान दिशा, द्वितीय स्थान पलक कुमारी व तृतीय स्थान निक्की ने प्राप्त किया। विद्यार्थियों को रसायन विज्ञान के तत्वों की जानकारी को रोचक व यादगार तरीके से सीखाने के लिए प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और रचनात्मकता के साथ विज्ञान की समझ को दर्शाया। रीना कुमारी, अंजलि, भावना व प्रदीप अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग किया।

## स्पर्धा में प्रथम रही हर्षिता, तानिया व अंजलि

- वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में राज्य स्तरीय स्पर्धाएं आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़**

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में राज्य स्तरीय ऑनलाइन पोस्टर, स्लोगन व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इतिहास, सांस्कृतिक विभाग व एनएसएस सैल द्वारा आयोजित करवाई गई इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने सोमवार को स्लोगन, पोस्टर व निबंध जमा करवाए। मंगलवार को परिणाम घोषित किया गया। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के निर्माता, समाज सुधारक और सामाजिक न्याय के प्रबल पक्षधर थे। उन्होंने बताया कि अंबेडकर के विचारों और सिद्धांतों पर चलकर ही जातिगत भेदभाव, सामाजिक असमानता व आर्थिक विषमताओं को समाप्त कर सकते हैं। इतिहास, सांस्कृतिक विभाग की प्रभारी डॉ. कुसुम व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रवेश दहिया ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों के 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया। स्टेट लेवल ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हिंदू गर्ल्स कॉलेज की हर्षिता ने पहला, वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय बहादुरगढ़ की दिव्या ने दूसरा और बीएआर जनता कॉलेज कैथल की कीर्ति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में हिंदू गर्ल्स सोनीपत की तानिया ने प्रथम, वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की मानसी ने द्वितीय स्थान व वैश्य कॉलेज रोहतक की प्रीति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में टीकाराम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत की अंजलि ने पहला, एफसी कॉलेज फॉर वूमेन हिसार की किरण व जीजीडीएसडी कॉलेज पलवल की आकृति ने दूसरा तथा हिंदू गर्ल्स कॉलेज सोनीपत की तपस्या व वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की शिक्षा मिश्रा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## कार्य स्थल पर दुर्घटना, अपंगता या मृत्यु पर मुआवजे का प्रावधान

**झज्जर।** हरियाणा सरकार द्वारा कर्मचारियों के अधिकारों और कल्याण को सुनिश्चित करने हेतु कर्मचारी मुआवजा अधिनियम 1923 के अंतर्गत महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि योजना के अंतर्गत कार्यस्थल पर दुर्घटना, अपंगता या मृत्यु की स्थिति में कर्मचारियों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाता है। यह योजना श्रमिकों की सुरक्षा और सामाजिक न्याय की दिशा में सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अतिरिक्त, व्यावसायिक रोग होने पर भी श्रमिक मुआवजा प्राप्त कर सकते हैं।



प्रदीप दहिया, डीसी झज्जर।

यह योजना सभी औद्योगिक संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों, मोटर चालकों, ड्राइवरों, हेल्परों, मैकेनिकों, भवन निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिकों, मशीनों पर काम करने वाले श्रमिकों, उत्खनन कार्य करने वाले श्रमिकों, रेलवे कर्मचारियों, जहाजों की मरम्मत और लोडिंग-अनलोडिंग करने वाले कर्मचारी, प्रिंट मीडिया के कार्यरत कर्मियों आदि पर लागू होती है।

## सिलानी जालिम में पिछले तीस वर्षों से नहीं हुआ गली निर्माण, ग्रामीणों को परेशानी

- गंदे पानी की निकासी की भी कोई व्यवस्था नहीं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर**

क्षेत्र के गांव सिलानी जालिम में गली निर्माण न होने के कारण वहां के निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यदि ग्रामीणों की मानें तो उनकी यह गली पिछले करीब तीस वर्ष पहले बनी थी, जिसके बाद इसकी सुध नहीं ली गई। गली निवासी सतीश, कृष्ण, संदीप, पंकज, काले, विजय, मंजीत, योगेंद्र आदि ने बताया कि कच्ची गली होने के कारण यहां गंदे पानी की निकासी की भी कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में नालियों के पानी ने कीचड़ का रूप ले लिया है। गली में हर समय कीचड़ की भरमार रहती है, जिस कारण लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। इसके अलावा गली के कई लोगों ने अपने घरों के आगे चबूतरे बनाकर भी उसे संकीर्ण कर दिया है। वे कई बार संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत करा चुके हैं। बीते समय में तत्कालीन बीडीओ द्वारा मौका मुआयना करते हुए गली निर्माण का आश्वासन भी दिया गया था लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों के अनुसार वे प्रशासनिक अधिकारियों से मिल कर अपनी समस्या से अवगत करा चुके हैं। गेहूं की फसल व तूड़ा खेतों में ही पड़े हैं। जिला प्रशासन से मांग की है कि एक बार उनके गांव की इस गली का मौका मुआयना कर समस्या का समाधान किया जाए।



झज्जर। गली में बनी कीचड़ की स्थित से अवगत कराते हुए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

## आंगनवाड़ी वर्कर्स को किया बाल विवाह के प्रति जागरूक



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित संस्था सदस्य एवं आंगनवाड़ी वर्कर्स।

- हम सभी को बाल विवाह जैसी बुराई के खात्मे के लिए एकजुट होना पड़ेगा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी तथा एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था द्वारा क्षेत्र के गांव डीघल स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में मौजूद आंगनवाड़ी वर्कर्स व महिलाओं को बाल विवाह अधिनियम बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया। बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिन्दर कौर ने कहा कि बाल विवाह एक कानूनन अपराध है। हम सभी को बाल विवाह जैसी बुराई के खात्मे के लिए एकजुट होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अब आने वाली अक्षय तृतीया पर हमें चौकसी रखनी होगी। क्योंकि इस दिन भी बाल विवाह होने की संभावनाएं अधिक रहती हैं। इस मौके पर एएनएम कमलेश, रितू, भूप सिंह व मनोज सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## महिला से ऑनलाइन टास्क के नाम पर लाखों रुपये ठगने के मामले में एक और आरोपी काबू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**

- पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

साइबर थाना पुलिस ने गत वर्ष एक महिला के साथ ऑनलाइन टास्क के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यूपी के जिला झांसी के मोहल्ला शास्त्री नगर इसाई टोला निवासी अजय शाक्या के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत वर्ष 7 जून को गांव महेश्वरी निवासी एक महिला ने अपनी शिकायत में बताया था कि 2 जून 2024 को उसके पास वर्क फ्रॉम होम के नाम पर एक मैसेज आया था। मैसेज में ऑनलाइन टास्क से पैसा कमाने का ऑफर दिया गया था। शुरूआत में आरोपियों ने टास्क के नाम पर उससे 100 रुपये डलवाने के बाद 300 रुपये वापस कर दिए। इसके बाद आरोपियों ने इसी प्रकार टॉस्क के नाम पर उससे पैसे डलवाना शुरू कर दिया और उससे कुल 4 लाख 94 हजार 880 रुपए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करा लिए। पुलिस ने मामले में संलिप्त चार आरोपी मध्यप्रदेश के जिला ग्वालियर के रानीपुरा निवासी विशाल, यूपी के जिला झांसी के गांव तलईया निवासी राहुल, निहाल सिंह व हर्ष को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ के बाद इस बात का खुलासा हुआ था कि महिला के खाते से करीब 2 लाख 64 हजार 880 रुपये की राशी विशाल के खाते में गई थी। राहुल, निहाल सिंह व हर्ष ने विशाल से बैंक खाता लेकर कमीशन के आधार पर साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था तथा यूपी के जिला झांसी के मोहल्ला शास्त्री नगर इसाई टोला निवासी अजय शाक्या के माध्यम से आरोपी विशाल का बैंक खाता खुलवाया गया था। पुलिस ने मंगलवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी अजय शाक्या को भी गिरफ्तार कर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी। फोटो :हरिभूमि

## ऑनलाइन क्रिकेट बैटिंग रैकेट का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**

मालवीय नगर के खिड़की गांव में संचालित ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा रैकेट का भंडाफोड़ एएटीएस, दक्षिण जिला द्वारा किया गया है। इस सिलसिले में चार सट्टेबाजों को पकड़ा गया है। इनसे सट्टेबाजी सॉफ्टवेयर के साथ एक लैपटॉप, नौ मोबाइल फोन, तीन नोटबुक और सट्टेबाजी के रिकॉर्ड जब्त किए गए हैं। आरोपी मौजूदा आईपीएल सीजन के दौरान 17 लाख का सट्टा लगा चुके हैं। पुलिस के अनुसार इस मामले में पकड़े गये चारों आरोपियों के नाम विशाल चौहान, नितिन कुमार, सुमित कुमार और महबूब हैं। इनके बारे में 12/13 अप्रैल की मध्य रात्रि हेड कांस्टेबल कमल प्रकाश को सूचना मिली थी। सूचना सीनियर अफसरों के संज्ञान में लाकर छापा मारा गया।

चार व्यक्ति ऑनलाइन माध्यम से सट्टेबाजी की गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल पाए गए।

### ग्लोबल एजुकेशन हब के उद्घाटन अवसर पर युवाओं को संबोधित किया

# युवाओं के कौशल में निखार लाने के लिए सरकार ने चलाई अनेक योजनाएं : आनंद सागर

- छात्र मोहित कुमार ने अपने हाथों से तैयार किया मुख्यातिथि आनंद सागर का रेखाचित्र उन्हें भेंट किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर**




झज्जर। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए मुख्यातिथि आनंद सागर। फोटो :हरिभूमि

आत्म निर्भर होने के लिए हमें अपनी प्रतिभा को निखारना आवश्यक है। यह बात भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आनंद सागर ने छुछकवास में ग्लोबल एजुकेशन हब के उद्घाटन अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा युवाओं के कौशल को और अधिक निखारने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। युवाओं को इसका लाभ उठाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी का प्रयास है कि जो सुविधाएं युवाओं को चाहिए वो उन्हें सहज उपलब्ध हो पाए। इस दौरान प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। बारहवीं कक्षा के छात्र मोहित कुमार ने अपने हाथों से तैयार किया मुख्यातिथि आनंद सागर का रेखाचित्र भी उन्हें भेंट किया। इस मौके पर सेंटर के प्रबंध निदेशक रितिक कुमार ने डिजिटल भारत के डिजिटल युवाओं के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने घोषणा की कि छुछकवास की नई शाखा व्यावहारिक डिजिटल कौशल, प्रोग्रामिंग और करियर की तैयारी पर केंद्रित बुनियादी से लेकर उन्नत तक कंप्यूटर प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करेगी। इस मौके पर ग्लोबल एजुकेशन हब के चेयरमैन संदीप कुमार, डायरेक्टर विक्रम दलाल, महेन्द्र यादव, उदय सिंह सरपंच, एसआई कृष्ण चंद्र, श्रीभगवान, डा. राजेश सिंगला, प्रकाश माजरा, बिजेंद्र दलाल, संजय, विजयलता, सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## परनाला सरकारी स्कूल में बनेंगे 5 कमरे

### विधायक राजेश जून ने नारियल फोड़कर किया शुभारंभ

- विद्यार्थियों को बैठने के लिए अच्छी व्यवस्था उपलब्ध होगी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़**

विधायक राजेश जून ने मंगलवार को गांव परनाला के सरकारी स्कूल में 5 कमरों के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर विधिवत शुभारंभ किया। उनके अनुसार सरकारी स्कूल में 5 नए कमरे बनने के बाद विद्यार्थियों को बैठने के लिए अच्छी व्यवस्था उपलब्ध होगी। उनका पूरा प्रयास है कि हलके के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। विधायक राजेश जून ने मौके पर मौजूद जेई अजय को निर्देश दिए कि अपनी निगरानी में स्कूल में कमरों का निर्माण कार्य करवाएं। निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर ग्राम सरपंच प्रतिनिधि अशोक राठी, पूर्व पार्षद युवराज छिल्लर, प्रधानाचार्या संतोष कुमारी, प्रमोद कुमार, शिवचरण, मनोज कुमार, सुखबीर फौजी व बिजेंद्र आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। स्कूल में कमरों के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक राजेश जून। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### गांव आसौदा के खेतों में मिला शव, पहचान नहीं

**बहादुरगढ़।** गांव आसौदा के खेतों में एक व्यक्ति का शव मिला। गली सड़ी अवस्था में मिला शव करीब 20 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। दरअसल, सोमवार की देर शाम को आसौदा के खेतों में कंबाइन से गेहूं काटे जा रहे थे। इस दौरान यह शव देखा गया। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची। शव अर्धनग्न अवस्था में था और कई दिन पुराना होने के चलते पूरी तरह से सड़ चुका है। शव को पुलिस नागरिक अस्पताल में ले गई। ग्रामीणों से पूछताछ की लेकिन पहचान नहीं हो सकी। जांच अधिकारी सज्जन सिंह का कहना है कि मृतक व्यक्ति कौन है, किस तरह से उसकी मौत हुई, कुछ स्पष्ट नहीं कहा जा सकता।

### आईटीआई में हुई भाषण प्रतियोगिता

**बहादुरगढ़।** राजकीय आईटीआई की महिला विंग में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। साथ ही संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गई। प्रधानाचार्या मायामंती और स्टाफ सदस्यों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला।

### छह महीने में चकाचक होंगी सभी सड़कें

**बहादुरगढ़।** ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी के अनुसार सीएम नायब सैनी के आदेशों का अनुसरण करते हुए अगले 6 महीने में प्रदेश की सभी सड़कों की मरम्मत पूरी हो जाएगी। इस कड़ी में लडरावण से बहादुरगढ़ तक 13.700 किलोमीटर लंबे नाहरा-नाहरी रोड पर नई लेयर बिछाई जा रही है। इस पर लगभग 3.87 करोड़ की राशि खर्च होगी।

### कृषि कार्यालय में बैठक कर दिए निर्देश

**बहादुरगढ़।** मंगलवार को उपमंडल कृषि कार्यालय में अतिरिक्त एसडीओ डॉ.महावीर मलिक की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. महावीर मलिक ने फील्ड स्टाफ को अपने-अपने कार्य क्षेत्र में उपस्थित रहने तथा किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में जागरुक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है और खेत की उर्वरा शक्ति भी नष्ट होती है।

एक ही दिन में सीवर लाइन के दो उद्घाटन

# वार्ड नंबर-18 में पहले पार्षद ने किया शुभारंभ, विधायक ने फोड़ा नारियल



बहादुरगढ़। नई सीवर लाइन बिछाने के काम शुरू करवाते संदीप दहिया व अन्य व नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ करते विधायक राजेश जून। फोटो: हरिभूमि

## बार-बार सीवर ब्लॉक की शिकायत करके स्थानीय निवासी परेशान हो चुके थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर में होने वाले विकास कार्यों का श्रेय लेने की होड़ मंगलवार को एक बार फिर सार्वजनिक हुई। वार्ड नंबर-18 में नई सीवर पाइपलाइन डालने के कार्य का एक ही दिन में दो बार नारियल फोड़कर शुभारंभ किया गया।

पहले पार्षद संदीप दहिया ने इस काम का शुभांरभ किया और फिर विधायक राजेश जून ने इसका नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। दरअसल, बार-बार सीवर ब्लॉक की शिकायत करके स्थानीय निवासी परेशान हो चुके थे। इसीलिए वार्ड नंबर-18 में नई सीवर लाइन की मांग कई वर्षों से हो रही थी।

पार्षद संदीप दहिया के अनुसार उन्होंने नई लाइन बिछवाने के लिए लगातार प्रयास किए और करीब 8 माह पहले इस काम को मंजूरी मिल गई थी। उन्होंने मंगलवार को बुजुर्गों के हाथ से इस काम का उद्घाटन करवाया। इस मौके पर राज सिंह गौतम, नरेश पंचाल, कृष्ण डागर, लक्ष्मी दत्त, राजेश राठी, सोनू शर्मा, महावीर शर्मा, संजय, शमशेर दलाल, राकेश दलाल, हरीश जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

### सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या का समाधान

वहीं दूसरी ओर विधायक राजेश जून ने पूर्व पार्षद युवराज छिल्लर के साथ नारियल फोड़कर नई लाइन बिछाने के काम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वर्षों पुरानी सीवरेज ओवरफ्लो रहने की समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा। इस पर करीब 50 लाख रुपए की लागत आएगी। इस अवसर पर जेई दलबीर देसवाल, ठेकेदार राजकुमार, राजेंद्र दहिया, मेहर सिंह दहिया, विजय, विजय जून, धर्मवीर, नारायण, वीरेंद्र, प्रकाश अहलावत, रमेश राठी, अर्जुन, भगवान दास शर्मा, जीत अहलावत, नरेश, सुरेंद्र, चंद्र राठी, अमित, राजेश व रोशन लाल आदि मौजूद रहे।

# कौशिक ने किया मोदी का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। पीएम नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करते दिनेश कौशिक। फोटो: हरिभूमि

हिसार में एयरपोर्ट का उद्घाटन करने पर पहुंचे पीएम मोदी का बहादुरगढ़ विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक ने अभिनंदन किया। उन्होंने पीएम से मुलाकात को सौभाग्य बताया। उन्होंने बहादुरगढ़ की जनता की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। हरियाणा बनने के बाद हिसार में पहला एयरपोर्ट समर्पित करने से प्रदेश के आर्थिक, औद्योगिक व पर्यटन विकास को नई उड़ान मिलेगी। दिनेश कौशिक ने कहा कि यह सिर्फ एयरपोर्ट नहीं, बल्कि हरियाणा के आत्मनिर्भर भविष्य की मजबूत नींव है। भाजपा की सरकार बनने के बाद से प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है। पीएम नरेंद्र मोदी का हरियाणा से विशेष लगाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एयरपोर्ट पर अगवानी के दौरान मौजूद दिनेश कौशिक समेत अन्य नेताओं का हालचाल जाना। दरअसल, हिसार एयरपोर्ट का शुभारंभ करने आए मोदी की अगवानी के लिए पार्टी ने विभिन्न नेताओं की ड्यूटी हवाई अड्डे पर लगाई थी। इनमें बहादुरगढ़ विस संयोजक दिनेश कौशिक भी शामिल थे।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

- सुनील रोहतक की एक निजी फैक्ट्री में कार्य करता था

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर


झज्जर। अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी।

क्षेत्र के गांव माजरा-डी में मानसिक तनाव के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान करीब 29 वर्षीय सुनील पुत्र राजेंद्र के तौर पर हुई है। सुनील रोहतक की एक निजी फैक्ट्री में कार्य करता था।

वह शादीशुदा था और एक पुत्र व एक पुत्री का पिता था। मंगलवार की अलसुबह उसने अपने घर में ही फांसी का फंदा लगा लिया। परिजनों को जब पता चला तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। इस दौरान एफएसएल टीम ने भी मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस द्वारा मृतक की पत्नी निशा के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# ऑफर और लालच में न आएं

- छात्रों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया
- सभी हमेशा यातायात के नियमों का पालन करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। छात्रों को जागरूक करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार। फोटो: हरिभूमि

मंगलवार को सड़क सुरक्षा सैल प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने रेंबो हाई स्कूल के छात्रों को साइबर क्राइम व यातायात के नियमों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी वारदात करने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। जागरूकता से ही वारदातों से बचा जा सकता है। उन्होंने डिजिटल अरेस्ट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपने बैंक खातों से संबंधित जानकारी किसी को न दें, एटीएम पिन को हमेशा बदलते रहें। किसी भी तरह के ऑफर और लालच में न आएं। बैंक कर्मचारी कभी भी फोन करके बैंक डिटेल नहीं मांगते, अगर आपके पास किसी तरह की कॉल आती है तो रिस्पोंस न दें। फिर भी कोई वारदात हो जाए तो नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल, हेल्पलाइन पर या नजदीक साइबर थाना चौकी में शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने यातायात के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि हमेशा यातायात के नियमों का पालन करें।

# आग लगने से सुरक्षित रहने के उपाय बताए

- चालक व परिचालकों को दी आग से बचाव के तरीकों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर


झज्जर। विद्यार्थियों, बस चालकों व परिचालकों को आग से बचाव के तरीकों की जानकारी देते टीम सदस्य।

सस्कारम् पब्लिक स्कूल खातिवास में मंगलवार को आग लगने की आपात स्थित में बचाव की जानकारी को लेकर एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अग्निशमन केंद्र की टीम ने विद्यार्थियों, बस चालकों व परिचालकों को आग से बचाव के तरीकों की जानकारी दी। मॉकड्रिल के माध्यम से उन्हें आग लगने की स्थिति में सुरक्षित रहने के उपायों से अवगत कराया गया। टीम सदस्यों ने आपातकालीन स्थिति में भवन से बाहर निकलने के सही तरीके और प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के उपयोग के अलावा सिलेंडर का सही उपयोग और अग्नि बुझाने की विधि के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान कृत्रिम आग जलाकर उसे अग्निशामक यंत्र की मदद से फायर सर्विस यूनिट द्वारा आग को बुझाने का डेमोंसट्रेशन दिखाकर छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया।

# जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक आज


श्याम सिंह राणा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, हरियाणा सरकार।

**झज्जर।** जिले में नागरिक शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए गठित जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक बुधवार को होगी। सीटीएम रविंद्र मलिक ने बताया कि सुबह 11 बजे लघु सचिवालय स्थित संवाद भवन में होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा करेंगे। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित 15 परिवादों को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# समस्याएं तत्परता से निपटाएं

- एसडीएम रेणुका नांदल ने समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर


झज्जर। बैठक में समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की समीक्षा करते हुए एसडीएम रेणुका नांदल। फोटो: हरिभूमि

बेरी के लघु सचिवालय में एसडीएम रेणुका नांदल ने अधिकारियों की बैठक लेते हुए समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने समाधान शिविर की प्रभावशीलता को सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक शिकायत का समाधान निर्धारित समय-सीमा में होना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों को शीघ्रता और प्राथमिकता के साथ निपटाया जाए। नागरिकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुने व शिकायत की प्रकृति को समझते हुए उनका समाधान करें। किसी विभाग द्वारा उनके स्तर पर समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है तो तत्काल उपमंडल प्रशासन के संज्ञान में लाएं।



### होम्योपैथिक कैंप में 83 ने करवाई जांच

**बहादुरगढ़।** ओमेक्स सिटी स्थित राम मंदिर परिसर में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 83 लोगों को स्वास्थ्य जांचा गया। डा. सोनिया ने शिविर में आने वालों की जांच करते हुए उन्हें स्वस्थ जीवन शैली के बारे में उचित परामर्श दिया। शिविर में त्वचा रोग, बालों की समस्याएं, महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, एलर्जी, ब्लड प्रैशर, जोड़ों का दर्द, श्वांस रोग, पाचन विकार, मानसिक तनाव आदि से पीड़ित लोगों को परामर्श देने के साथ ही होम्योपैथिक दवा का वितरण किया गया।

# बालोर बाईपास के निकट ऑटो चालक के साथ हुई लूटपाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

- चार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया, जांच में जुटी पुलिस

बालोर बाईपास के निकट एक ऑटो चालक के साथ वारदात हो गई। नुकीले हथियार के बल पर बदमाश उससे मोबाइल व रुपये लूट ले गए। चार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात दिनेश के साथ हुई है। यूपी मूल का दिनेश यहां कश्मीरी कॉलोनी में रहता है और किराये की ऑटो चलाता है। दिनेश का कहना है कि गत 13 अप्रैल की रात करीब आठ बजे बालोर चुंगी से चार युवक ऑटो में सवार हुए। उन्होंने बालोर बाईपास के पास एक स्टॉक पर जाने को कहा। बाईपास से थोड़ा आगे पहुंचे तो पीछे से उन युवकों ने मेरी गर्दन पर चाकू जैसा कोई नुकीला हथियार अड़ा दिया। फिर ऑटो रुकवा ली। कहने लगे कि जो भी तेरे पास है, निकाल कर दे। फिर उन्होंने मुझ से पर्स व मोबाइल छीन लिया। पर्स में डीएल, डेबिट कार्ड सहित कुछ रुपये थे। जाते जाते वे कहने लगे कि किसी को बताया तो जान से मार देंगे। भय के कारण वह चुपचाप घर चला गया। अब शिकायत दी है।

#### फुटेज चेक करेंगे: पुलिस

वहीं, सदर थाना पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। बालोर चुंगी व मार्ग पर सीसीटीवी फुटेज चेक की जाएगी। जल्द से जल्द मामले को सुलझाने का प्रयास रहेगा।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**बहादुरगढ़।** छोटूराम नगर फाटक के नजदीक रेलवे लाइनों के साथ झाड़ियों में एक युवक का शव मिला है। ट्रेन से चपेट में आकर युवक की मौत होने की बात सामने आई है। घटना मंगलवार सुबह की है। छोटूराम नगर के पास लाइनों के साथ झाड़ियों में पड़े युवक के शव पर किसी राहगीर की नजर गई तो पुलिस को सूचना दी गई। शव को नागरिक अस्पताल में रखवाया गया। मृतक युवक की उम्र करीब 20 वर्ष आंकी जा रही है। पहचान नहीं हो सकी है, न ही पहचान संबंधित कोई दस्तावेज उसके पास से बरामद हुआ। हां, मोबाइल जरूर मिला है लेकिन उसमें सिम कार्ड नहीं है। युवक के कानों में लीड लगी थी। संभवतः वह रेलवे ट्रक के साथ चलता होगा। ट्रेन की चपेट में आया होगा।

पारा 37 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा रहा, सिविल सर्जन की सलाह

# बदलते मौसम में हीट स्ट्रोक का खतरा, बरतें सावधानी

- दोपहर बारह से तीन बजे के बीच धूप में जाने से बचना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर


डॉक्टर जयमाला, सिविल सर्जन, झज्जर।

बदलते मौसम में आजकल पारा 37 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहने लगा है। ऐसे में आमजन को हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन, स्किन एलर्जी आदि स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

सिविल सर्जन डॉक्टर जयमाला ने बताया कि ऐसे में हमें डॉक्टर की सलाह के अनुसार आवश्यक सावधानियां बरतनी चाहिए ताकि स्वास्थ्य पर किसी प्रकार का कोई दुष्प्रभाव न पड़े। उन्होंने आमजन को दिए अपने संदेश में कहा कि गर्मी के मौसम में दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। नींबू पानी, छाछ और नारियल पानी जैसे पेय भी स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। दोपहर बारह से तीन बजे के बीच धूप में जाने से बचना चाहिए। यदि निकलना जरूरी हो तो बाहर निकलते समय छाता, टोपी या गमछे का इस्तेमाल करना चाहिए। इसलिए अलावा खासकर महिलाओं व बच्चों को सनस्क्रीन भी लगाना जरूरी है।

इस मौसम में ताजे फल, सलाद और हरी सब्जियों को भोजन में शामिल करें। तला-भुना, भारी और बासी खाना खाने से परहेज करना चाहिए। हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनें जिससे शरीर को हवा मिलती रहे। शरीर में नमक और पानी की कमी न होने दें। इससे बचने के लिए ओआरएस का घोल या घर में बना नमक-चीनी का पानी पीना चाहिए। पसीने और गर्मी से स्किन एलर्जी हो सकती है, इसलिए व्यक्ति को जहां नियमित स्नान करना चाहिए वहीं अपने शरीर को अच्छे से सूखा और साफ रखना चाहिए। इस मौसम में बुजुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों का खास ख्याल रखना जरूरी है। ये गर्मी में जल्दी प्रभावित हो जाते हैं। उन्हें ठंडे और हवादार स्थानों पर अच्छा वातावरण देना चाहिए।

### हीट स्ट्रोक के लक्षण

सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने बताया कि ऐसे मौसम में व्यक्ति हीट स्ट्रोक का शिकार हो जाता है। हीट स्ट्रोक के कारण चक्कर आना, सिर दर्द , तेज बुखार, ज्यादा पसीना आना या बिल्कुल पसीना ना आना आदि लक्षण दिखाई देते हैं। यदि इस प्रकार के लक्षण दिखाई दे तो व्यक्ति को तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए।